# पर्यटन क्षेत्र जोन्हा फॉल में जलापूर्ति का अभाव, पर्यटकों को हो रही परेशानी

**परेशानी : कई माह से जलापूर्ति ठप, पर्यटकों को पीने और शौचालय के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नए साल की शुरूआत होने वाली है। राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शुमार जोन्हा फॉल में अभी से पर्यटकों का हुजूम उमड़ने लगा है, लेकिन यहां पर्यटकों को पीने और शौचालय के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। कई माह से क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति ठप है और अधिकारी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। पर्यटन विभाग प्रत्येक पर्यटकों से 10 रुपये का शुल्क लेता है लेकिन इसके अनुरूप सुविधाओं को दुरूस्त नहीं किया गया है। एक ओर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए झारखंड राज्य पर्यटन विभाग करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रहा है वहीं जोन्हा फॉल में पर्यटकों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। जोन्हा के विकास की उपेक्षा हुई है।



## खुश होकर जोन्हा फॉल पहुंचे थे पर्यटक, निराशा हाथ लगी

दिल्ली, हाजीपुर और बरही से आए पर्यटकों का कहना था कि वे बड़े खुशी से जोन्हा फॉल देखने पहुंचे थे, लेकिन यहां की घटिया सुविधाओं को देखने के बाद वे निराश हो गए। सरकार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा हमेशा उपलब्ध हो। यहां जलापूर्ति सुविधा ठप रहने से बच्चों और महिलाओं को काफी दिक्कत हुई। सरकार का भी फर्ज है कि पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराए।

**नए साल पर संकट :** पर्यटकों की पसंदीदा जगह में से एक जोन्हा फॉल पेयजल की समस्या से आज भी जूझ रहा है। नव वर्ष के स्वागत के लिए जोन्हा फॉल के होटल व्यवसायियों को बड़ी उम्मीद है, लेकिन इन्हें भी पानी की चिंता सता रही है।



**सरकार नहीं दे रही ध्यान :** भाजपा के युवा नेता देवराज सिंह का कहना है, कि सरकार पर्यटन व्यवसाय बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े आयोजनों में फिजूल खर्ची के बजाए सुविधाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित करे तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**अवैध संबंध ने ली पाहन संजय की जान**

# पत्नी ने रची थी पति की हत्या की साजिश, आठ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बूटी बस्ती में जिस शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, उसका आरोपी कोई नहीं, बल्कि उसकी ही जीवन संगिनी ही निकली। रांची पुलिस ने पाहन संजय हत्याकांड में पत्नी समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, कारतूस, दबिया और हथौड़ा बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में बीते 30 नवंबर को संजय पाहन की हत्या कर दी गई थी। संजय पाहन का दूसरी महिला से अवैध संबंध था। इसे लेकर उसकी पत्नी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर संजय की हत्या की साजिश रची थी। एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हुए संजय पाहन की पत्नी, साला समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें सालो देवी, आशीष नेपाली, मानवेल खलखो, कमरू नाग, सूरज कुमार ठाकुर, अजहर अंसारी, धनेश्वर भगत और दाऊद एक्का शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल, दो गोली, हथौड़ा सहित कई अन्य समान बरामद किया है।



## दूसरी महिला से संबंध को लेकर था विवाद

संजय पाहन की किसी दूसरी महिला के साथ संबंध था। इसे लेकर घर में विवाद चल रहा था। इस पारिवारिक विवाद में पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर संजय पाहन की हत्या की साजिश रची और गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी। उसका शव सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती स्थित मृतक के घर के आंगन में खून से लथपथ मिला था। उसपर पहले किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था, जिसके बाद पीठ में गोली मारी गयी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए हथियार भी बरामद कर लिया है।

**प्रगति की नयी यात्रा और सकारात्मक संभावनाओं को व्यापक बनाने का उद्देश्य**

# सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शुभारंभ आज, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**सभी तैयारियां पूरी, सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार, कई सेवा और कार्यक्रमों के साथ विकास को गतिमान करेगा महोत्सव**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिल्ली में आज से तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दिन में तीन बजे करेंगे। महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार है। मुख्य मंच को ओड़िशा के कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रारूप दिया गया है। गूंज परिवार के संरक्षक तथा सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो सभी तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। उनका कहना है कि सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा का जीवंत प्रतीक इस महोत्सव ने क्षेत्र में विकास को गतिमान किया है। प्रगति की नई यात्रा और सकारात्मक संभावनाओं को इस साल व्यापक बनाने का ध्येय निर्धारित है। इस ध्येय के तहत सेवा और सम्मान के कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही संस्कृति, परंपरा को सहेजने, लोक कलाकारों को मंच देने की भी तैयारी है। जनकल्याण को लेकर सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर कई शिविर लगाए जायेंगे। विविध आयाम से जुड़े इस महोत्सव के जरिये वैसे अवसर भी तैयार किए जाने हैं, जिनसे सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान और भविष्य संवारा जा सके।


फाइल फोटो

### छऊ नृत्य होगा आकर्षण

उदघाटन के दिन, 18 दिसंबर को स्टेडियम परिसर में ही झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पढ़ो तथा लड़ो का नारा देने वाले विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी जाएगी। इसके बाद छऊ नृत्य कलाकारों का प्रदर्शन होगा। साथ ही स्कूली छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों के रिहर्सल पूरे कर लिए गये हैं।

### कैंडल मार्च निकाला गया

महोत्सव को लेकर रविवार की शाम सिल्ली विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में कैंडल मार्च निकाला गया। शहरी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए और विकास उत्सव में एकजुटता और सामूहिक भागीदारी के संदेश दिए गए। इस दौरान सामूहिक गीत गाए गए। उधर सिल्ली स्टेडियम रोशनी से जगमग है। गूंज परिवार के हजारों सदस्य महोत्सव की सफलता को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाने में दिन- रात जुटे हैं।

# जय डांस एकेडमी का वार्षिक उत्सव संपन्न, बच्चों ने दिखया हुनर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जय डांस एकेडमी का 18वां वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव की थीम जश्न-ए-डांस फील द बीट पर आधारित रही। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जय डांस एकेडमी के डायरेक्टर जय सोनी ने कहा कि अब डांस एकेडमी युवा अवस्था में पहुंच चुका है। इसकी जड़ पहले से अधिक मजबूत हो चुकी है। एक छोटी सी टीम आज बड़ा रूप ले चुकी है और सैकड़ों विद्यार्थी अब डांस एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह 18 वर्षों की मेहनत है। मौके पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक डांस प्रस्तुत किए गए। मौके पर आदित्य, गरिमा, दीप्ति, महक तिर्की आदित्य शर्मा, प्रिया, शानवी को डांस के क्षेत्र में बेहतर करने पर सम्मानित किया गया। मौके पर निपन, अजय, प्रदीप, आसित, गुडी, शिल्पी आदि थे।



**खबर एक नजर में**

## अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आज



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आज कांग्रेस भवन में मनाय जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रांची महानगर के अध्यक्ष हुसैन खान की अध्यक्षता में कि जा रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के अलावा कई मंत्री, विधायक उपस्थित रहेंगे। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर परिचर्चा की जायेगी।

## समाजसेवी ज्योति शर्मा ने बांटा कंबल



**रांची।** बढ़ते ठंड को देखते हुए राजधानी के समाजसेवी ज्योति शर्मा ने रविवार को जरूरतमंदों के बीच कबंल का वितरण किया। अपर बाजार के महावीर चौक स्थित श्री शिव साईं मंदिर के प्रांगण में बढ़ती ठंड को देखते हुए 101 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि रात में घूमकर भी जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जाएगा। इस काम में उन्होंने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कम से कम एक कंबल जरूरतमंदों को दें। इससे कंपकंपाती ठंड में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। समाजसेवी मोनू कुमार, अमर शर्मा, संजय चौरसिया, संजय गुप्ता, निर्मल व अन्य मौजूद थे।

## पुलिसकर्मियों को इलाज को 1.72 करोड़ स्वीकृत

**रांची।** झारखंड पुलिस सहाय एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत राशि मंजूर की गई है, जिन्होंने इलाज के लिए पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया था। पुलिस सहाय एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों और उनके निकट परिजनों को चिकित्सा के लिए अलग-अलग राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि दस हजार रुपये से लेकर तीन लाख तक निर्धारित की गई है। 804 पुलिसकर्मियों के आवेदनों की मंजूरी के बाद इलाज के लिए 1.72 करोड़ रुपये की रकम आवंटित की गई है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी (बजट) ने संबंधित जिलों के एसपी के साथ पुलिस के विभिन्न विंगों से राशि मुक्त करने का निर्देश दिया है, जहां वर्तमान लाभुक पुलिसकर्मी तैनात हैं।

## ढाबे में अपराध की योजना बना रहे पांच गिरफ्तार



रांची। धुर्वा थाना पुलिस ने रांची के रिंग रोड स्थित जग्गू ढाबा से हथियार के साथ पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक देसी कट्टा और कारतूस पुलिस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि रिंग रोड में होटल में बैठकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इसकी सूचना हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा को मिली। इसके बाद उक्त होटल की घेराबंदी की गई। पुलिस ने पांचों लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में जानकारी मिली कि उनमें से दो जमीन दलाली करते हैं। वहीं तीन लोगों ने बताया कि वो ढाबे में खाना खाने पहुंचे थे।

## रांची में किताब उत्सव 18 से 24 दिसंबर तक

**रांची।** रांची शहर के डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में 18 से 24 दिसम्बर तक किताब उत्सव मनाया जाएगा। किताब उत्सव के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभिन्न सत्रों में आदिवासी भाषा साहित्य और संस्कृति पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सामाजिक महत्व के विषयों पर परिचर्चा, लेखक सम्मेलन, रचना पाठ और नई किताबों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही नई किताबों के लोकार्पण होंगी। छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में झारखंड के अलावा देश भर के कई साहित्यकार हिस्सा लेंगे।

# वतन को जानो कार्यक्रम : स्पीकर ने कश्मीरी युवाओं को झारखंड के इतिहास के बारे बताया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम 2023 'वतन को जानो' के तहत कश्मीर के छह ज़िलों का 122 युवा एवं युवतियां रविवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो से कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में उनसे मुलाकात की। कार्यक्रम में स्पीकर ने युवक-युवतियों से झारखंड की राजनीतिक पृष्ठभूमि एवं स्वतंत्रता आंदोलन में झारखंड के योगदान, भगवान बिरसा मुंडा एवं संथाल विद्रोह आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें झारखंड की पृष्ठभूमि तथा यहां के जल जंगल जमीन से लेकर झारखंड की आर्थिक सुदृढ़ता एवं देश के विकास में झारखंड के योगदान से संबंधित विभिन्न विषयों को विस्तारपूर्वक बताया। इस क्रम में स्पीकर ने उन्हें रामगढ़ के कांग्रेस अधिवेशन एवं गांधी यात्रा के संबंध में भी बातें की तथा कश्मीर से संबंधित विभिन्न विषयों पर समझाने का प्रयास भी किया। झारखंड के वर्तमान परिदृश्य के संबंध में माननीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान झारखंड, युवा नेतृत्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में काफी कुछ बदल रहा है।

गौरतलब हो कि कश्मीर से आया प्रतिनिधिमंडल 14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक झारखंड यात्रा पर रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल विधानसभा अध्यक्ष से मिलने के उपरांत काफी खुश दिखे और साथ ही अपनी झारखंड यात्रा को सफल बताया।

# आरयू में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 'जोहार संगी' का आयोजन, खूब झूमे कश्मीर से आये छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी स्थित आरयू के टीआरएल विभाग में रविवार को अखड़ा झारखंडी नृत्य संगीत का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत कश्मीर से 120 युवाओं का दल रांची पहुंचा। रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जनजातीय एवं क्षेत्रिय भाषा विभाग में आयोजित इस यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में कश्मीर से आये युवा झारखंड के सांस्कृतिक परंपरा, भाषा, नृत्य संगीत पर झूम उठे।

कार्यक्रम में डा. सुदेश साहू ने कश्मीर के युवाओं को झारखंड की कला संस्कृति के बारे बताया और कहा कि बिरसा मुंडा की धरती झारखंड के लोग सारे विश्व को अपना कुटुंब समझते हैं। मानवता ही हमारा धर्म है। डॉ अनिता शेखर ने कश्मीरी भाषा में मेहमान छात्रों का स्वागत किया गया जिसने छात्रों को आत्मीयता से भर दिया। इसके बाद कुलपति आरयू प्रो. डा. अजीत कुमार सिन्हा ने कश्मीरी युवाओं के टीम लीडर्स को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केंद्र की राज्य निदेशक हनी सिन्हा को डा. स्मृति सिंह ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विश्वविद्यालयों के कई पदधारियों को सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर कुलपति आरयू प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा, डॉ. हरि उरांव, डॉ विनोद नारायण, डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ. स्मृति सिंह,डॉ प्रीतम कुमार, किशोर सुरीन, बिपुल नायक, मनीष कुमार, सुजीत शर्मा, एनएसएस के डॉ. ब्रजेश कुमार, डा. बी.आर.झा, डीएसडबल्यू डा. सुदेश साहु, छात्र, आरयू के विभिन्न विभागों के हेड, डीन और आरयू के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**लोहरदगा में झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की प्रतिमा का हुआ अनावरण**

# आजसू पार्टी के सच्चे सेवक थे कमल किशोर भगत : सुदेश महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/लोहरदगा।** आजसू नेता कमल किशोर भगत ने जिस साहस और संघर्ष से झारखंड आंदोलन की लड़ाई लड़ी और एक विधायक के तौर पर जनता की सेवा की उन्हें हर झारखंडी हमेशा याद रखेगा। कमल दा के विचारों और लक्ष्य को आगे बढ़ना हमारा दायित्व है। उनकी कमी पार्टी को हमेशा खलती रही है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर लोहरदगा जिला कार्यालय में उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान कही। इस दैरान पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सतीश कुमार और जेएमएम, कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

आजसू प्रमुख ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने के लिए खून, पसीना बहाने और जेल जाने से लेकर कई संघर्ष करने के बाद कमल किशोर भगत ने विधायक नहीं लोहरदगा का बेटा बन कर जनता की सेवा की। उनको लोहरदगा के आवश्यकता का बोध था। कमल किशोर भगत आम लोगों के विषयों को विधानसभा में बेतहर ढंग से रखते थे। कमल किशोर साधारण, सहज एवं सुलभ नेता थे। लोहरदगा वासियों के दिल में बस कर अपनी आखिरी सांस तक उनकी सेवा की। आज हमनें उनकी प्रतिमा तो स्थापित कर दी है अब हमें उनके विचारों को स्थापित करना है। अगले साल से हम इस कार्यक्रम को राज्य स्तर पर करेंगे।



मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय महासचिव रौशनलाल चौधरी, अर्जून बैठा, लाल गुड्डु नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम भारती, दिलीप साहू, अंजु देवी, अनिता साहू, केंद्रीय सचिव भरत काशी, डॉ सुधीर यादव इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### इन्होंने ली सदस्यता

कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में अभिमन्यु साहू, आरिफ अंसारी, इमितियाज अंसारी, राम भगत, साबीर अंसारी, नन्दलाल भगत, सोमरा उरांव, विजय भगत, जब्बार अंसारी, समीम, छोटू, रामजीत, रोजमत, जसीम, रिकरेस्टा टोप्पो, एरदन टोप्पो, नवल, मौसिम, तेवरों, नसीम, मालती टोप्पो, अर्जुन उरांव, अजय उरांव, सतीश उरांव, राम सहाय,सारो, सुनीता, नीरा, अजय भगत, मेगरा उरांव, मुनवार, बबलू, दिलीप, नंदू, रामसाद, बबलू, रामा, सुनील, छोटू खान समेत जेएमएम और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता लालेश्वर महतो ने की पीड़ित परिजनों की मदद

**खलारी।** भाजपा के रांची जिला ग्रामीण कोषाध्यक्ष सह समाजसेवी लालेश्वर महतो ने मृतक के परिजनों को सहायता के रूप में श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री दी। बता दे की क्षेत्र के डुडु, बमने निवासी गुंजन महतो की पुत्री का कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लालेश्वर महतो ने अपने सहयोगी राजू गुप्ता के माध्यम से मृतक के घर वालों को ढांढस बनाया एवं उनसे कहा कि इस दुख घड़ी में उनके साथ है एवं श्राद्ध क्रम के लिए खाद्य सामग्री भिजवाए। भाजपा नेता ने कहा कि बुजुर्ग जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है, जो वह आगे भी करते रहेंगे। मौके पर कमलेश महतो,कसेली महतो, अजय महतो, संतोष महतो, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### तमाड़ में आजसू पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर बैठक

**तमाड़।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मानकीडीह पंचायत के बाडुदा गांव में रविवार को आजसू पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर एक बैठक की गई। बैठक में केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में आम लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। साथ ही आगामी विस चुनाव में तमाड़ विधानसभा सीट से आजसू पार्टी के प्रत्याशी को विजय दिलाने पर रणनीति बनाया गया। बैठक में ग्रामीणों ने संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष कई समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने तेलाईपीड़ी से बाडुदा के बीच नदी पर पुलिया निर्माण करने की मांग की। बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों ने पार्टी सुप्रीमो तक मांग को पहुंचाने की बात कही। बैठक में ग्राम प्रधान भीम मुंडा, संभल मुंडा, बुधू मुंडा, मनीराम मुंडा, लालसहाय मुंडा आदी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए।

### विधायक ने 12.83 करोड़ की सड़क का किया शिलान्यास

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को ग्रामीण कार्य विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत दिउड़ी से दरभंगा 15 .9 किलोमीटर तथा पुंडीदीरी से बघई तक 3 .8 किलोमीटर पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। दोनों सड़क का निर्माण लगभग 12 .83 करोड़ रुपए की लगत की राशि से किया जाएगा। शिलान्यास के बाद विधायक ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर ऋषिकेश महतो, प्रदीप मुंडा, मलिन महतो, मुन्ना महतो, मुरली सेठ, आकाश खंडित, संजू बाबा सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए।

### इटकी में पेंशनर समाज की बैठक का आयोजन

**इटकी।** राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के मौके पर इटकी एकता नगर में पेंशनर समाज इटकी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुश्ताक अहमद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र सरकार से कोरोना काल में बंद किए गए 18 प्रतिशत डीए का शीघ्र भुगतान करने व रेलवे किराये में पूर्व से बंद विशेष रियाते को पुनः प्रारंभ करने के मांग की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप बिनोद कुमार सिन्हा, किशोर गोप, मो ओबैदुल्लाह, मोनिका कोंगाडी, सी बाड़ा, एनी रोबा, रोजदानी तिग्गा, मो. सज्जाद, माजिद, मो. शरीफ, देवीनंदन, भिलोटन सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सरायकेला खरसांवा को 4-2 से पराजित कर मेकॉन क्वार्टर फाइनल में

**सिकिदिरी ।** सिकिदिरी में आयोजित10 वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूनार्मेंट में मेकोन स्पोट्र्स क्लब रांची ने सरायकेला खरसांवा की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित किया है। रविवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में बेहद रोमांचक मुकाबले में 49 वें मिनट में मेकॉन को मिले एक पेनाल्टी को रोहन कुमार ने गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी।

जंगल में दिन दहाड़े सखुआ के दर्जनों पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है

# पेड़ों के कटने से पर्यावरण को भारी क्षति

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो समेत लापुंग प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में इन दिनों दिन दहाड़े खुल्लमखुल्ला सखुआ के दर्जनों पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है। आमतौर पर जंगल में सखुआ के पेड़ काटने वालों में गांव की महिलाएं और पुरुष काफी हावी रहते हैं। इस दौरान जंगल में अगर पेड़ काटते हुए गांव के ग्रामीणों से बात की जाए तो ग्रामीणों द्वारा तरह-तरह की बातें की जाती है। लेकिन हकीकत तो यह है कि 100 में से 95 प्रतिशत ग्रामीण जंगल से पेड़ों की कटाई कर व्यापार करने में लग जाते हैं।



जंगल से पेड़ की कटाई कर ले जाती महिलाएं।

प्रत्येक दिन ग्रामीण रोजगार के नाम पर जंगल में पेड़ों की कटाई कर बाद में बोझा बनाकर उसे शहर और गांव के बाजारों में जाकर बेचा करते हैं। इधर जंगल में कई लोग मोबाइल से फोटो खींचते देख जंगल के अंदर प्रवेश कर गए। लेकिन कटे हुए सखुआ के पेड़ वास्तविक हालात की गवाही दे रहे थे। इधर जंगल में पेड़ों की कटाई करते महिलाओं से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सूखे हुए पेड़ों की कटाई कर रहे हैं लेकिन सच्चाई यह थी कि सभी पेड़ हरे भरे और पूरी तरह परिपक्व थे। इधर जंगल से हो रही पेड़ों की कटाई के बाद गांव के ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में बैठक के दौरान यही निर्णय हुआ था कि कोई भी ग्रामीण एक भी पेड़ नहीं काटेगा। लेकिन इसके बावजूद पेड़ कटा है तो काटने वालों का पता लगाया जाएगा। दोपहर में जंगल के किनारे से गुजरने वाली सड़क से होकर आने जाने वाले सैकड़ों लोगों ने वृक्षों को काटने वाली इस घटना को देखा। लेकिन पर्यावरण की रक्षा को लेकर कोई सामने नहीं आया। आखिर बड़ा सवाल यह है कि जंगलों को बचाने की जिम्मेवारी किसकी है और कौन बचाएगा। एक ओर घटते जंगलों के बीच जलवायु परिवर्तन हमारे सामने बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है। बारिश भी कम होने लगी है। तापमान बेतहाशा बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों का सफाया थम नहीं रहा। प्रत्येक दिन पेड़ कट रहे हैं। जलावन के नाम पर बड़े-बड़े पेड़ काट दिए जा रहे हैं। कौन है जिम्मेवार ?

## हथियार के बल पर लूट पाट करने के आरोप में सात अपराधी गिरफ्तार

**अनगड़ा ।** पुलिस ने पिछले दिनो हेसल रोड बेड़वारी स्थित गंगाघर चौधरी के घर में जुआ खेल रहे लोगों से रिवाल्वर के नोक पर लाखों रुपये लूट के मामले का खुलासा करने में अनगड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बीती रात कई जगहों पर छापामारी कर चान्हो थाना क्षेत्र के चोरया और तरंगा से दो तथा इरबा से एक एवं सिकिदिर थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों का नाम नसीम अन्सारी चोरया तबारक खान तरंगा अकबर अन्सारी इरबा बलराज नायक एवं सुधीर नायक बारीडीह के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने उक्त घर में जुआ होने की सूचना देने वाले मुनेश्वर महतो एवं करम लाल महतो को भी गिरफ्तार किया है। मुनेश्वर महतो ने बताया कि जुआ में पूरा रुपया हार जाने के बाद फोन से सम्पर्क कर सिरका गांव निवासी करमलाल महतो से बीस हजार रुपये मांगा था । घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व गंगाधर चौधरी के घर पर स्वंय गंगाधर चौधरी जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल राजू चौधरी मुनेश्वर महतो सावन महतो गोविन्द करमाली बीसे महतो पम्मा फलीन्द्र करमाली इत्यादि लाखों रुपये का जुए का दाव खेल रहें थे इसी बीच रात के करीब एक बजे पांच छह अपराधी हथियार के साथ जुआ चल रहे घर पर घूस गए तथा घर पर जुआ का दांव चल रहे सभी लोगों को अपराधियों ने रिवाल्वर के नोक पर अपने कब्जा में ले लिए तथा उनके पास से बारी बारी से लाखों रुपये नकद सहीत घडी सोने की दो अंगूठी लूट लिए अपराधियों ने कान का कनौसी तक उतारवा लिए और लूट कर फरार हो गए ।

प्रखंड महिला कांग्रेस कमेटी का एकदिनी सम्मेलन आयोजित

## राजनीति की धुरी हैं महिलाएं : शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि महिलाएं भारतीय राजनीति की धुरी हैं। इनके बगैर देश के विकास की बात बेमानी होगी। उन्होंने केंद्र की पूर्व यूपीए सरकार की ओर से पंचायती राज व्यवस्था के जरिये वार्ड से जिला स्तर पर एकल पद आरक्षित कर उन्हें विशेष पहचान दिये जाने का दावा किया। श्री शाहदेव दलादिली में प्रखंड महिला कांग्रेस कमेटी की एकदिनी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। महिला नेत्री सुंदरी तिर्की, मेरी तिर्की, प्रेमलता तिग्गा, अक्लिमा खातून, रेशमी परवीन, जसीम अंसारी, कुशल उरांव, कुलदीप रवि, गौरव सिंह, प्रकाश उरांव व सुखमनी भगत आदि ने भी अपनी बातें रखी। उन्होंने लोक सभा चुनाव पर चर्चा की और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अध्यक्षता शकुंतला देवी, संचालन अतुल राज व धन्यवाद ज्ञापन सुचिता खलखो ने दिया।



सम्मेलन में शामिल महिलाएं व अन्य।

### सम्मेलन में लिया हिस्सा

लाल रमेश नाथ शाहदेव उर्फ लालू, सुनीता तिर्की, बिरसी उरांव, जयंती कुमारी, सुनीता लकड़ा, पुष्पा देवी, सुनीता टोप्पो, नुशरत परवीन, रुष्टम अंसारी, मंजुर आलम, रियाजुल अंसारी,असलम अंसारी, हुसैन अंसारी व जेयारत अंसारी आदि सैकड़ों लोग।

## गूंज की पूर्व संध्या पर मोमबत्ती जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** सिल्ली में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के पूर्व संध्या पर सोनाहातू ओर राहे प्रखंड के हर गांव में मोमबत्ती जुलूस निकाली गई। मोमबत्ती जुलूस से संदेश दिया गया कि गांव से अंधेरा को दूर भगाने है,ओर शिक्षा और विकास का दीप जलाना है। मुख्य आयोजन गोमदा भगत सिंह चौक से राहे सुभाष चौक तक मोमबत्ती जुलूस निकाली गयी। ले मशाले चल पड़े हैं, लोग मेरे गाँव के गाने से कार्यक्रम का उदघोष हुआ ओर सामूहिक रूप से बुद्धिजीवी, प्रखंड कमेटी सहित युवाओं ने मोमबत्ती जलाया ओर जुलूस निकाली गयी।



राहे में मोमबत्ती जुलूस निकालती महिलायें

लोगों ने जुलूस निकाल कर गांव से अंधेरे को दूर भगाने का संकल्प लिया। मौके पर शयाम कुमार महतो, सुषेण प्रमाणिक , रंगबहादुर महतो, ,जगरनाथ मुखर्जी,प्रमोद सिंह, मनोज चटर्जी, सुशांत सिंह, राजेश सिंह,हलधर पांडे, बिरेन महतो सहित काफी लोग मौजूद थे।

## मास्टर एलेवन जयपुर बना लखटकिया विजेता



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी-चरकुडीह में अगहन संक्रांति के अवसर पर 40 वां एक दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में मास्टर एलेवन जयपुर ने एक गोल से डी राज स्पोटिंग को पराजित कर बना। विजेता टीम को नगद 1 लाख 1 हजार ओर उप विजेता टीम को नगद 71 हजार की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। टूनार्मेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में भाजपा के जैलेनदर महतो, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, बंगाल के सांसद प्रतिनिधि कमल महतो, अशोक कुमार महतो विश्वनाथ महतो, आदि उपस्थित रहे। मौके ओर निमाई चन्द्र राय, मुखिया सुभद्रा देवी, मनोज सांडिल एवं जन कल्याण युवा विकास क्लब के सभी सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यूसीडब्लूयू के असंगठित और सहसचिव ने ग्रामीणों की मांग पर डकरा माइंस बंद किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के असंगठित अध्यक्ष जितेंद सिंह व क्षेत्रीय सह सचिव अशोक राम के नेतृत्व में ग्रामीणों के पानी की समस्या को लेकर डकरा परियोजना के माइंस में धरना प्रदर्शन किया गया। यूनियन व ग्रामीणों के प्रदर्शन व माइंस का कार्य बंद के पश्चात डकरा मैनेजर लोकनाथ राणा से वात्तार्लाप होने के बाद पाइप में गड़बड़ी के कारण नया धौड़ा में पानी नही दिया जा रहा था। उन्होंने तत्काल पानी पाइप को मरम्मत करने की बात कही।तब जाकर ग्रामीणों का धरना बंद हुआ। धरना प्रदर्शन के बाद सीसीएल ने दो घण्टे के अंदर पानी सप्लाई शरू कर दिया गया। वही डकरा परियोजना के अंतर्गत रह रहे नजदीक के बस्ती में नया धौड़ा,प्रगति नगर,चाणक्य बस्ती सहित अन्य टोला हैवी ब्लास्टिंग से पूर्ण रूप से प्रभावित होता रहा है। इन सभी समस्या पर सीसीएल प्रबंधन ध्यान नही दिया तो ग्रामीण सहित अन्य लोग पूर्ण रूप से आंदोलन भी करने के लिए बाध्य होंगे।

मौके पर अरविंद सिंह, छोटू राम,अनीता लोहार,सुनीता लोहार, सुनील कुमार, राजू कुमार,सूरज कुमार, प्रीति देवी, अंजली कुमारी, सोनू कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## इटकी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी स्थित मुख्य सीएनआई चर्च परिसर में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इटकी पूर्वी मुखिया रीता देवी शामिल हुई। उन्होंने सभी को क्रिसमस का शुभकाना देते हुए कहा कि क्रिसमस हमे प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेव. एन कंडूला ने क्रिसमस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रभु यीशु का आगमन मानव कल्याण के लिए हुआ है। क्रिसमस शांति, प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। मुखिया राजन किस्पोट्टा ने कहा कि असहाय गरीबों की सेवा




कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोग।

करें यही प्रभु यीशु का संदेश है। कार्यक्रम में बच्चों ने यीशु मसीह के जनमोत्स्व पर आधारित समूह गान, नाट्य, नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। समारोह में रेव जे तिर्की, राजकुमार तिर्की, अनूप टोप्पो, पीटर मिंज, आसरेन कच्छप, निसित तिग्गा, प्रभात केरकेट्टा, विजय बेक, निशी केरकेट्टा सहित भारी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## 49वां झारखंड कुरमी विकास परिषद की बैठक 25 को

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। झारखंड कुरमी विकास परिषद केंद्रीय कमेटी की की बैठक रविवार को आरटीसी बीएड कॉलेज, बुटी में केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें परिषद के समाज के आर्थिक, शैक्षणिक व राजनीतिक स्थिति पर विचार विमर्ष किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि को कुरमी समाज का सम्मेलन 25 दिसंबर किया जाएगा। जिसकी जानकारी देते हुए रणधीर चौधरी ने बताया सम्मेलन में कुरमी समाज के राज्यभर के सांसद, विधायक के साथ समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित होगें।

मौके पर संरक्षक डा. रुद्रनारायण महतो, राजेंद्र महतो, संजय पटेल, पनेश्वर महतो, सुनील



महतो, राजेंद्र ओहदार, कैलाश महतो, पार्वती देवी, बीना देवी, सुजीत महतो, सुरेश प्रसाद, राजकुमार महतो, जयप्रकाश महतो, अजय महतो, बलसाई महतो, सीता देवी, वनिता देवी, खिरोधर महतो, भीम महतो, सोना लाल महतो, संजय कुमार महतो, अखिलेश्वर महतो, दुर्जन कुमार महतो, उमेश महतो, राजेश महतो आदि उपस्थित थें।

### मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बाजरा के मैदान में रविवार को मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र में सभी को स्वस्थ रखना और उन्हें सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। बेहतर स्वास्थ्य का महत्व तभी पता चलता है जब हम बीमार होते हैं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि अपने उच्च लक्ष्य और मानसिकता के तहत ही आज उन्होंने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है।

एक नजर में

### भाजपा नेता ने घायलों की अस्पताल भेजवाया

**राहे।** मुख्य मार्ग पर नावाटोली स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं जोड़ा महुआ के बीच मोड़ पर दिन के 1 बजे नावाटोली की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ऑटो के पलटने से दर्जनों यात्री घायल हो गए।घटना के तुरंत बाद ही भाजपा नेता विनय महतो धीरज स्थल पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस बुलवाया और अस्पताल भिजवाया। वहीं घटना की जानकारी फोन पर उनके परिजनों को दिया।टेंपो नवाटोली से राहे की ओर जा रही थी और सामने से आ रहे ट्रेलर अचानक दिखने से टेंपो ड्राइवर अपनी गाड़ी कंट्रोल नहीं कर पाए जिससे टेंपो मोड़ पर अनियंत्रित हो गया और सड़क पर ही पलट गया। दुर्घटना में दो बच्चे को तथा एक महिला चमनी देवी ( 55 वर्ष) गंभीर रूप से चोट आई है वहीं शिशु देवी (60 वर्ष),को आंख के नीचे चोट लगी है पुनम देवी (40 वर्ष) समेत अन्य महिला एवं पुरुष को भी हल्की चोट लगी है। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र, गोंदलीपोखर अनगड़ा में भर्ती कराया गया है। मौके पर चितरंजन महतो, अरविंद साहू, अर्जुन अमन,राजू महतो आदि मौजूद थे।

### माध्यमिक शिक्षक संघ राहे इकाई का हुआ गठन

**राहे।** प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय डोमनडीह के परिसर में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ राहे प्रखंड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य इकाई के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ राहे इकाई का गठन किया गया। कमिटी में अध्यक्ष विद्यासागर मांझी, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी और लक्ष्मीकांत महतो, सचिव वीरेंद्र कुमार महतो, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ सरोज कुमार, कार्यकारिणी सदस्य में अनुग्रह तिर्की, स्मिता मीणा एक्का, ललित सिंह मुंडा, जय किशोर साहू का चयन किया गया। कमिटी को आपसी समन्वय के साथ माध्यमिक शिक्षक संघ के आंदोलन को तेज करने की जिम्मेदारी होगी।

### कल्चरल फेस्ट 2023 का आयोजन

**मांडर।** सोसई मैदान में रविवार को संकल्प सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के तरफ से प्रतिभा कल्चरल फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मधु मंसूरी हँसमुख शामिल हुए। उन्होंने भी एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने ने कहा कि आज हमें झारखंड को बचाने की जरुरत है। मौके पर बोलते हुए प्रोफेसर शाहिद हसन ने कहा कि ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लेने की जरूरत है। संकल्प के बुनियाद पर ही दशरथ मांझी ने छोटे से छेनी और हथौड़ी से विशालकाय पर्वत को काट डाला। वहीं आकाशवाणी रेडियो रांची की पूर्व उद्घोषिका शकुंतला मिश्रा ने कहा कि संकल्प के द्वारा आयोजित कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। गांव देहातों में ऐसे आयोजनों में पारंपरिक नागपुरी गीत और नृत्य की भरमार होना चाहिए। नागपुरी अपनी कला संस्कृति के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। नागपुरी हमारी मातृभाषा है । झारखंड में नौकरी के लिए भी नागपुरी जरूरी है। नागपुरी में वह मिठास है जो दूसरी भाषा में नहीं मिलता। इस मौके पर जॉन डियर ट्रैक्टर के 5310 का मॉडल का लांचिंग भी किया गया। इसके बारे में हाईटेक ट्रैक्टर के प्रोपराइटर रवींद्र महतो ने बताया कि भारतीय किसान को अमेरिका वाला तकनीक मिलेगा।

### झारखंडी भाषा खतियान-संघर्ष समिति का बैठक कर पंचायत स्तरीय कमिटी के गठन किया गया

**खलारी।** झारखंडी भाषा खतियान-संघर्ष समिति का बैठक चुरीमध्य पंचायत में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रतिया गंझू व संचालन प्रमोद महाजन,बिरबल कुमार,कृष्णा महतो, कृष्ण कुमार, राजेंद्र महतो ने किया। बैठक में चुरी मध्य व चुरी दक्षिणी पंचायत का कमेटी गठन किया गया। जिसमें चुरीमध्य अध्यक्ष कामेश्वर गंझु,सचिव आनंद गंझु,उपाध्यक्ष,विजय तुरी, उपसचिव सोनु यादव,कोषाध्यक्ष करन कुमार,उपकोषाध्यक्ष मनोज गंझु अथवा चुरी दक्षिणी में सचिव उमेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार महतो,उपाध्यक्ष जयवीर यादव, उपसचिव उमेश कुमार मुंडा,अर्जुन मुंडा को बनाया गया। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने समर्पण भावना से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति संगठन व जयराम महतो के विचारों को मजबूती से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया। 2024 में झारखंड में पढ़े लिखे शिक्षित ,इमानदार,कर्मठ, जुझारू टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में सरकार बनाना है। मैं सोच के साथ सभी युवा एक साथ एक मंच में आ रहे हैं। मौके पर अजय तुरी ,सोनू यादव, संजय गंझु,अमर भोक्ता ,उमर गंझु,सतीश गंझु ,जानकी गंझु ,नवीन तुरी, रोहित तुरी,रविंद्र, उपेंद्र महतो,नरेंद्र कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे।

### खलारी में भूमि अधिग्रहण पर रैयतों की बैठक

**खलारी।** आंबेडकर विचार मंच के द्वारा चुरी पूर्वी पंचायत की चुरी महुआटांड़ में रैयतों का एक बैठक हुआ। बैठक की अध्यक्षता अशोक महतो एवं संचालन मनोज महतो ने किया गया। बैठक में चुरी के रैयतों का जमीन सम्बंधित वार्ता एवं सीसीएल के द्वारा रैयतों की जमीन पिछले 36 वर्ष पूर्व अधिग्रहण किया गया हैं। उस पर चुरी प्रबंधन की ओर से टालमटोल ही किया जाता रहा है। अब सभी रैयत वंशावली के हिसाब से नौकरी की मांग पर सहमति बनी है। अगर हमारी माँगे पूर्ण नहीं होती हैं तो रैयत अपनी जमीन में कोई भी कार्य नहीं होने दिया जायेगा। सीसीएल प्रबंधन बार बार कहती हैं। खाता 63 की भूमि यूटिलाजेसन में नहीं आता हैं। तो सीसीएल उस समय युटीलाजेशन नहीं करता, अथवा रैयतों की भूमि पर कौड़ियों के भाव में पेमेंट क्यों किया। इन सभी वस्तुओं बिंदुओं पर चर्चा हुआ। मौके पर मनोज महतो,प्रभु महतो, बालेश्वर महतो,नागो महतो ,प्रकाश महतो ,दिनेश महतो,ईश्वर महतो ,बजरंग महतो ,अशोक महतो ,अमलेश महतो ,बिनोद महतो ,सोहर महतो ,बरतु महतो सहित अन्य रैयत उपस्थित थे।

### कंबल एवं गर्म कपड़े का किया वितरण

**लापुंग।** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग प्रखंड के चंपाडीह में बिरहोर जनजाति के 450 जरूरमंदों लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया। गांव के ग्रामीणों के बीच ठंढ कपड़े में स्वेटर, जैकेट, कम्बल, शॉल, साड़ी, जीन्स, पैंट सर्ट, कुर्ती व बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वे कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके। कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है, जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन मे खुशी ला सकती है।

### एनके व पिपरवार एरिया के रैयत ने सीसीएल सीएमडी डायरेक्टर से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया

**खलारी।** पूणाडीह एनके एरिया और पिपरवार एरिया के रैयत सीसीएल के चेयरमैन बी वीरा रेड्डी और डायरेक्टर तकनीकी बी साईराम के साथ मुलाकात कर रैयतों की समस्या से अवगत कराया गया। रैयतों की ओर से अध्यक्षता व अगुवाई करते हुए ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के चेयरमैन अमरदीप कौशल ने रैयतों की नौकरी और मुआवजा,ग्रामीणों को रोजगार अथवा रोड सेल की मांग,एनके एरिया के करकट्टा तुमांग पंचायत में खिलान धौड़ा बस्ती के समीप बंद पड़े कोयला खानदान से जहरीली गैस, धुआं और आग तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए, चेतावनी देते हुए आगाह किया कि उक्त जगह कभी भी भू धसान हो सकता है। वहां के ग्रामीणों को मुआवजा देकर वहां से हटाया जाए। जतरा टोंगरी बेंती जो पिपरवार के अशोका प्रोजेक्ट के अंदर आता है जहां माइंस से सटा हुआ गांव है, वहां के ग्रामीणों को नौकरी और मुवाबजा दिलाने हेतु और सीएसआर के तहत जरूरी पानी, बिजली, स्वास्थ्य संबंधित,स्कूल इत्यादि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। पिपरवार एरिया हॉस्पिटल को हर तरह के सुविधाएं, दवाइयां और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराया जाए। पुराने पिपरवार और एनके एरिया के लंबित रैयतों के मामले की तुरंत सुनवाई हो।

